# जिला प्रशासन की पूर्ण तैयारी, अब मतदाताओं की बारी

■ चुनाव के लिए 2102 मतदान केन्द्रों के लिए करीब 8408 मतदान कर्मियों, पुलिस कर्मियों एवं सैक्टर, एरिया मजिस्ट्रेट, माइक्रों ऑब्जर्वर को दो पारियों में प्रशिक्षण देकर, चुनाव सामग्री एवं वोटिंग मशीन देने के बाद मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गय

**सीकर,**(निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए शुक्रवार को होने वाले चुनाव के लिए 2102 मतदान केन्द्रों के लिए करीब 8408 मतदान कर्मियों, पुलिस कर्मियों एवं सैक्टर, एरिया मजिस्ट्रेट, माइक्रों ऑब्जर्वर को दो पारियों में प्रशिक्षण देकर, चुनाव सामग्री एवं वोटिंग मशीन देने के बाद मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने बताया कि मतदान दलों को दो पारियों में श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर में श्रीमाधोपुर, सीकर, खण्डेला, नीमकाथाना व राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय सांवली रोड़ सीकर से दांतारामगढ़, धोद, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान करवाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है तथा मतदान कर्मियों में काफी उत्साह नजर आ रहा है, उन्हें मतदान प्रकिया का तृतीय प्रशिक्षण भी दे दिया गया है जिसके द्वारा इनकों सभी कार्य बता दिए गये है।

जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है अब सीकर के मतदाताओं की बारी है। जिले के सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान कर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं जिससे सीकर का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक हो। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर व वोलेन्टियर की व्यवस्था की जाये, प्रत्येक मतदान केंद्र पर छाया और पानी की अच्छी व्यवस्था हो।

उन्होंने बताया कि जिले में आदर्श मतदान केन्द्रों की तीन श्रेणियां बनाई गई है, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र पर 8 बूथ महिला कार्मिकों द्वारा प्रबन्धित, 8 बूथ युवा कार्मिकों द्वारा प्रबन्धित तथा एक बूथ दिव्यांग कार्मिकों द्वारा प्रबन्धित किया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के कार्मिकों से आ ान किया कि वे कर्तव्य निष्ठा से मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न करावें। उन्होंने कहा कि मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था का माकूल प्रबन्ध किया गया हैं, इसके लिए सुरक्षा बलों का पर्याप्त डिप्लॉयमेंट किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले भर में 2102 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिसमें 285 मतदान केंद्र संवेदनशील है। जिले में कुल 22 लाख 32 हजार 334 मतदाता मतदान में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि 19 अप्रेल को मतदान शांतिर्पूण संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था को भी अंजाम दिया गया हैं।

## वेब पोर्टल के माध्यम से कतार समय जान सकेगा

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के उद्देश्य से लोकसभा आम चुनाव 2024 में झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र की 7 विधानसभाओं पिलानी, सूरजगढ़, मंडावा, नवलगढ़, उदयपुरवाटी एवं खेतड़ी में 19 अप्रेल को आयोजित होने वाले मतदान के दौरान मतदाताओं को घर बैठे मतदान केंद्र पर कतार में मौजूद मतदाताओं की संख्या की जानकारी उपलब्ध करवाने की व्यवस्था वेब पोर्टल सुगम्य-मतदाता चला जानकर सुगमता के माध्यम से की गई है। मतदाता को बूथ पर कतार में मौजूद मतदाताओं की संख्या पता करने के लिए वेब पोर्टल सुगम्य-मतदाता चला जानकर सुगमता ./ पर उपलब्ध विकल्प बूथ में कतार की स्थिति जांचें का चयन करना होगा। तत्पश्चात स्वयं के विधानसभा क्षेत्र एवं बूथ संख्या का चयन करना होगा।

## निरीक्षण के दौरान जेल में मिला मोबाइल

■ उपकारागृह राजगढ की तलाशी में बेरिक नम्बर तीन में मर्करी लाइट में छुपाया हुआ था मिला मोबाइल

**सादुलपुर,** (निसं)। उपकारागृह राजगढ के निरीक्षण के दौरान गुरूवार को बैरिक में लगी मर्करी लाइट में छुपाया हुआ एक मोबाइल बरामद किया गया है। वहीं निरीक्षण के दौरान जेल स्टाफ के साथ कैदियों ने अभद्र व्यवहार भी किया है। जिसको लेकर उपकारागृह राजगढ के अधिकारियों ने जेल में बंद संदिग्ध कैदियों की जांच की भी मांग की है तथा उच्च अधिकारियों को इस संबन्ध में अवगत करवाया है। इस संबंध में थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि रामकेश मीणा उम्र 3० साल निवासी खिनी तहसील मलाणा डूंगर थाना जिला सवाई माधोपुर हाल प्रहरी उपकारागृह ने राजगढ थाने में मामला दर्ज करवाकर बताया कि उपकारागृह राजगढ में सुरक्षा स्टाफ की मदद से उपकारागृह राजगढ की बैरिकों में सघन तलाशी करवाने पर तलाशी के दौरान उपकारागृह राजगढ के बैरिकनंबर तीन की तलाशी लेने पर बेरिक में लगी मर्करी लाइट में छुपाया हुआ एक एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। दर्ज मामले में बताया कि तलासी और जांच अभियान के दौरान जेल में बन्द कैदी अशोक कुमार, मोहित उर्फ सोनू, भागीरथ उर्फ मंगला निवासी ईशरवाल जिला भिवानी हरियाणा तथा संदीप निवासी बैरासर बडा, गोकुल उर्फ बबलू तथा सतवीर उर्फ कालू निवासी कनाऊ जिला हनुमानगढ ने तलाशी अभियान का विरोध किया तथा जेल स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार किया। दर्ज मामले में कैदियों की गतिविधियां संदिग्ध होने पर जांच हेतु मामला दर्ज करवाया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर जागरण 22 को

**कोलसिया,**(निसं)। बुगाला गांव के नई जोत बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रेल को मनाया जाएगा।

पुजारी ओमदास स्वामी ने बताया कि इस दौरान पूर्व संध्या पर रात्रि को वृंदावन के प्रदीप शर्मा व पार्टी बजरंग बली को भजनों से रिझाएंगे। अल सुबह महाआरती होगी। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।


**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 7/2024

**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि प्रार्थी श्री बंशीधर शर्मा ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री जीणमाता मंदिर ट्रस्ट ग्राम जीण, तहसील दातारामगढ जिला सीकर में प्रन्यास में हुऐ न्यासी परिवर्तन दर्ज अभिलेख किये जाने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइन्दा तारीख पेशी 13.05.2024

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर


# दिव्यांगजनों को मतदान में सुविधा रहे,

■ जिले में कुल 520 व्हील चेयर्स मतदान बूथों पर रखवाई गई हैं, वहीं 80 व्हील चेयर्स रिजर्व में रखी गई हैं,

**झुंझुनूं,**(निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के दौरान दिव्यांगजनों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल के निर्देशन में दिव्यांग मतदाता प्रकोष्ठ इसकी कमान संभाले हुए है। गौरतलब है कि होम वोटिंग के दौरान भी 40 फीसदी से अधिक निशक्तता वाले दिव्यांगजनों को होम वोटिंग चुनने का विकल्प दिया गया था। जिले में कुल 855 दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की थी। दिव्यांग मतदाता प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि होम वोटिंग नहीं चुनने वाले दिव्यांगजनों को अब मतदान में कोई असुविधा नहीं हो। इसके लिए जिला प्रशासन ने जिले में कुल 63 वाहन दिव्यांग मतदाताओं को बूथ पर लाकर मतदान करवाने के लिए तैनात किए हैं। इन वाहनों में मतदान सहायक भी नियुक्त किए गए हैं। जिनके पास अपने क्षेत्र के दिव्यांग मतदाताओं की सूची रहेगी। जिनसे संपर्क कर वो उन्हें मतदान करवाएंगे। जिले में कुल 520 व्हील चेयर्स मतदान बूथों पर रखवाई गई हैं, वहीं 80 व्हील चेयर्स रिजर्व में रखी गई हैं, जो मतदान सहायकों के साथ दिव्यांग जनों के लिए तैनात वाहनों में रखी जाएंगी। जिले में कुल 18579 दिव्यांग मतदाता हैं।जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में 1 बूथ ऐसा बनाया गया है। जिसका प्रबंधन दिव्यांग कार्मिक ही करेंगे। इनमें झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में जेपी जानूं सीसै स्कूल, पिलानी में विद्या विहार के एमके साबू कॉमर्स कॉलेज उत्तरी हिस्सा बायां भाग, सूरजगढ़ में हंसास के राउमावि, मंडावा में पिलानी खुर्द के राउमावि, नवलगढ़ में नवलगढ़ शहर के हनुमानदास मानसिंहका राउमावि स्थित बूथ नंबर 147, उदयपुरवाटी में बासड़ी के राउमावि एवं खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में गौरीर के श्री भगवान राउमावि के दायां भाग स्थित मतदान केंद्र ऐसे हैं। जिनका संचालन एवं प्रबंधन दिव्यांग कार्मिक करेंगे।

# डॉ. तुलस्यान एवं अन्य ट्रस्टी बंधे के बालाजी मंदिर पहुंचे

**झुंझुन,**(निसं)। श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के मुख्य ट्रस्टी एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. डीएन तुलस्यान बंधे के बालाजी मंदिर पहुंचे। जहां पहुंचने पर उन्होंने ना केवल पूरा मंदिर परिसर देखा, बल्कि इस मंदिर परिसर को अनूठा और अद्भुत बताया। डॉ. तुलस्यान ने बताया कि चूरू बाईपास रोड पर मंडावा मोड़ से चुरू जाने वाले मार्ग पर डाइट स्कूल से आगे दाहिने हाथ पर झुंझुनूं-चूरू बाईपास रोड पर मंडावा मोड़ से चुरू जाने वाले मार्ग पर डाइट स्कूल से आगे दाहिने हाथ पर श्री बंधे का बालाजी मंदिर परिसर देखते ही एक सुखद धार्मिक आनंद की अनुभूति होती है।

मंदिर का विहंगम नजारा और कलात्मक प्रवेश द्वार को देखकर बरबस ही ध्यान खींचा चला जाता है। इस परिसर को पूरा देखने और समझने का अवसर मिला। श्री बंधे का बालाजी मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी नरेश गाडिया से एक भेंट कर डॉ. डीएन तुलस्यान ने उन्हें श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से श्री राम मंदिर अयोध्या का प्रतीक चिह्न भी भेंट किया। इस अवसर पर आशीष मोहन तुलस्यान, नागेश स्वामी, सौरभ मित्तल, अंजनी पांडे सहित अन्य मंदिर ट्रस्ट से जुड़े हनुमान भक्त भी उपस्थित थे। इस पावन स्थल में प्रवेश के लिए चूरू रोड पर बना हुआ है श्री गजानंद द्वार। यह द्वार स्वर्गीय गजानंद लाठ इस्लामपुर की स्मृति में उनके सुपुत्र मुंबई प्रवासी विनोद लाठ ने करीब तीन दशक पहले बनवाया था। अब मंदिर परिसर में आवागमन बढने से इस द्वार से सटकर 70 फीट की दूरी पर एक और विशाल द्वार तैयार कराया जा रहा है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश और निकास की पृथक पृथक व्यवस्था होगी। दोनों द्वारों से अलग-अलग सड़कें मुख्य मंदिर परिसर तक पहुंचेंगी। चूरू रोड पर बनाए गए प्रवेश और निकासी द्वारों की भांति ही मुख्य परिसर में मंदिर जाने वालों के लिए अलग तथा विवाह भवन में जाने के लिए अलग द्वार है। प्रवेश और निकासी की दोनों सडक़ों के बीच 70 म 450 फिट का सुंदर पार्क डवलप किया जाना प्रस्तावित है। दोनों ही द्वारों के पास पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुराने प्रवेश द्वार के पास उत्तर दिशा में पार्क में व्यवस्था होगी। जबकि विवाह भवन में जाने वाले लोगों के लिए निकासी द्वार की तरफ करते हुए दक्षिण दिशा में पार्किंग व्यवस्था की जाएगी।

गजानंद द्वार से प्रवेश करने के पश्चात मुख्य मंदिर परिसर में जाने के लिए एक और सुंदर प्रवेश द्वार बना हुआ है। इस पर बैठे हुए हनुमान जी की मनमोहक प्रतिमा बनी हुई है। इस प्रवेश द्वार का निर्माण भी मणीदेवी गजानंद लाठ की स्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा कराया गया है। इसी तरह निकासी द्वार से आने वाली सडक़ के सामने विवाह भवन में जाने के लिए प्रवेश द्वार तैयार किया गया है।

इस द्वार पर राधा कृष्ण जी की सुंदर प्रतिमा बनी हुई है इसका निर्माण स्वर्गीय रतन लाल जी के परिवार की ओर से कराया गया है।100 से ज्यादा एसी कमरें है मंदिर मेंमंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी नरेशचंद्र गाडिया ने बताया कि वैसे तो विवाह-शादी या अन्य मांगलिक कार्यों के लिए मंदिर परिसर में एक सौ से अधिक एसी कमरे पूर्णता फर्नीचर आदि से सुसज्जित हैं। इन कमरों को अलग-अलग बिल्डिंगों में बांट रखा है। ताकि उपयोगकर्ता अपनी जरूरत के मुताबिक सुविधानुसार कम-ज्यादा कमरे ले सके। विवाह भवन परिसर में इनडोर फंक्शन के लिए सेठ धोलीराम मदनलाल केडिया भवन बना हुआ है। जिसमें विवाह-शादी के कार्यक्रम और सभा आदि करने की सुंदर व्यवस्था की जा सकती है। इसके निकट ही फेरों के लिए अलग से पक्का स्थान निर्मित किया गया है।

इसमें भगवा पत्थर जड़े हुए सुंदर कलात्मक पिलर इसकी सुंदरता को चार चांद लगाते हैं। निश्चित ही विवाह जैसी पवित्र रस्म ऐसे स्थान पर होना सौभाग्य की बात है। श्री बंधे के बालाजी मंदिर के मुख्य परिसर में प्रवेश के लिए पूर्व दिशा में भी सुंदर द्वार बना हुआ है जिसका निर्माण स्वर्गीय मन्नालाल गाडिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा कराया गया है। मंदिर परिसर में पीपली चौक से घुसने के बाद इस प्रवेश द्वार तक पहुंचने के लिए स्वर्गीय रामस्वरूप गाडिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा सेठ बिलासराय गाडिया मार्ग बनाया गया है।

## आज होगा मतदान

**सुजानगढ़,**(निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2०24 के प्रथम चरण में लोकसभा क्षेत्र चूरू के लिए मतदान करवाने के लिए राजकीय जाजोदिया उ.मा. विद्यालय से मतदान दल गुरूवार को रवाना हुए। चूरू लोकसभा क्षेत्र के सुजानगढ विधानसभा क्षेत्र में 266 मतदान केंन्द्र एवं 15 सहायक मतदान केंद्रों सहित कुल 281 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। लोकसभा क्षेत्र में 22 लाख 22 हजार 213 मतदाता है, जबकि सुजानगढ विधानसभा क्षेत्र में 27 मार्च 2०24 तक कुल 29366० मतदाता है, जिनमें से 153477 पुरूष एवं 14०182 महिला एवं एक अन्य मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र में 1०6715 शहरी तथा 186945 ग्रामीण मतदाता है। तहसील कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें प्रभारी सहित चार कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। लोकसभा चुनाव में महिला कार्मिकों द्वारा प्रबंधित 2० मतदान केन्द्र, युवा कार्मिकों द्वारा प्रबंधित 8 मतदान केन्द्र, दिव्यांग कार्मिकों द्वारा प्रबंधित एक मतदान केन्द्र तथा एक आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। 119 मतदान केन्द्रों का वेब कास्टिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जायेगा। विधानसभा क्षेत्र में 32 मतदान केन्द्र संवेदनशील है।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 87/2023

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि प्रार्थी श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्र श्री धन्नालाल जैन निवासी खाटूकान मोहल्ला, वार्ड नम्बर 33 स्टेशन रोड, तहसील व जिला सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री दिगम्बर जैन भव्योदय अतिशय क्षेत्र समिति रेवासा, तहसील दातारामगढ जिला सीकर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 19.06.2024

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर



भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

लोकसभा चुनाव–2024

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

सबसे पहले वोट की बारी, बाकी कामों की फिर तैयारी!

आज मतदान दिवस

शुक्रवार 19 अप्रैल, 2024

सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक

अपील
आपका वोट कीमती है !

प्रिय मतदाता,

हम सोचते हैं कि हमारे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है ? वैसे भी आज मुझे बहुत काम हैं।

लेकिन आपके एक वोट से फर्क पड़ता है !

आपके एक वोट से लोकतंत्र का फैसला प्रभावित हो सकता है। मतदान आपका अधिकार है और कर्तव्य भी ! ध्यान रहे, आज 19 अप्रैल छुट्टी का दिन नहीं है ,लोकतंत्र का महापर्व है! आज सभी के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

आज 19 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अपना अमूल्य मत देना ना भूलें ! सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के साथ शत-प्रतिशत मतदान के लिए हम सभी की सहभागिता आवश्यक है !

गर्मी के इस मौसम में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक early voting करें और जागरूक मतदाता प्रमाण पत्र पाएँ।

घर से निकलकर, प्रसन्न एवं निर्भीक होकर मतदान जरूर करें...

प्रवीण गुप्ता
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान




- प्रत्येक पोलिंग बूथ पर छाया, पानी और सभी सुविधाओं का ध्यान, इस बार मतदान है महा अभियान!
- दिव्यांगजनों हेतु रैंप एवं व्हील चेयर की सुविधा
- दिव्यांगजन के लिए परिवहन सुविधा
- सहायता हेतु प्रशिक्षित वॉलन्टियर्स
- संयुक्त परिवार, नवविवाहित जोड़े, युवा समूह व मतदाताओं द्वारा मतदान की फोटो/सैल्फी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने पर मतदाता डिजिटल प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
- चुनी गई सेल्फी को जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा

वोटर आईडी कार्ड या इनमें से किसी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र को दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

| | | |
|---|---|---|
| आधार कार्ड | पैन कार्ड | ड्राईविंग लाइसेंस |
| पासपोर्ट | यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड | मनरेगा जॉब कार्ड |
| स्वास्थ्य बीमा कार्ड | पेंशन दस्तावेज | सेवा पहचान पत्र |
| एनपीआर - आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड | फोटोयुक्त पासबुक बैंक/पोस्ट ऑफिस | एमपी/एमएलए/एमएलसी को जारी आईडी कार्ड |

फोटो अपलोड करने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान
www.ceorajasthan.nic.in

Follow us on: CEORAJASTHAN

राजस्थान संवाद